# महिला प्रकोष्ठ उद्देश्य

महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ का गठन छात्राओं को आत्मसम्मान, सहअस्तित्व एवं स्त्री शक्ति की अस्मिता की सुरक्षा एवं संवर्द्धन के उद्देश्य हेतु ~~महि~~ इस समिति का गठन किया गया है। संस्थान में महिलाओं/ छात्राओं की संख्या अधिक होने के कारण महिला प्रकोष्ठ का होना इसे महिला सापेक्ष स्वर प्रदान करता है। महिला प्रकोष्ठ के उद्देश्य: बिंदुवार

(1) महाविद्यालय में महिला सुरक्षा को सुनिश्चित करना
(2) स्वस्थ एवं सौहार्दपूर्ण परिवेश की निर्मिति
(3) लैंगिक समानता के भाव की संवृद्धि
(4) शैक्षिक/कैरियर की दृष्टि से जागरूक बनाना
(5) महिलाओं/ छात्राओं के साथ होने वाले लैंगिक भेदभाव को रोकना

(२) गठन / संरचना:

महिला प्रकोष्ठ का गठन (विन्यास) संरचना निम्नवत होगी।

(1) संरक्षक : प्राचार्य
(2) संयोजक : महाविद्यालय महिला प्राध्यापक
(3) सहसंयोजक
(4) छात्र संघ पदाधिकारी –
(1) महिला / छात्रा
(२) स्नातक छात्रा
(3) परास्नातक छात्रा

A

## (3) महिला प्रकोष्ठ सामान्य नियम / महत्वपूर्ण बिंदु

(1) छात्र - छात्राओं को लैंगिक भेदभाव / अनुचित यौन व्यवहार को लेकर जागरूक करना

(2) लैंगिक भेदभाव / महिला उत्पीड़न संबंधी बिंदुओ हेतु जागरूकता ~~प्रसा~~ उत्पन्न करने हेतु निर्देश दीवार / मुख्य स्थलों पर डिस्पले किए जाएंगे,

(3) जो तथ्य महिला उत्पीड़न के अंतर्गत आते हैं, उनका महिला प्रकोष्ठ संयोजक द्वारा मौखिक वाचन।—

(4) महिला उत्पीड़न के निम्न बिंदुओ के प्रसार / जागरूक करने हेतु छात्राओं से संवाद —

(1) जबरन शारीरिक सम्पर्क अथवा प्रयास (2) लैंगिक सम्बन्ध के पक्ष में माँग / अभद्र लैंगिक टिप्पणी (3) लैंगिक प्रकृति का कोई शारीरिक / गैर शारीरिक व्यवहार

(5) ~~इस~~ उपरोक्त वर्णित किसी भी प्रकार की गतिविधि छात्र / छात्रा / महिला कर्मचारी अनुभव करती है, वह महिला प्रकोष्ठ को सूचित करेगी।

महिला प्रकोष्ठ का प्रभाव / परिक्षेत्र : महिला प्रकोष्ठ का प्रभाव क्षेत्र / परिक्षेत्र सिर्फ संस्थान तक सीमित होगा, संस्थान से बाहर के मुद्दो / शिकायतें इसके दायरे में समाहित नहीं होगी

Pradeep
DATE:
PAGE:

## आवश्यक सूचना

दि० - 07/08/2017

महाविद्यालय के समस्त छात्र- छात्राओं को सूचित किया जाता है कि फूल सिंह बिष्ट राजकीय महाविद्यालय लम्बगांव मे दिनाँक 09-08-2017 को छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा संबंधी मुद्दो के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक संवाद का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में श्री जितेन्द्र शाह अपने विचार व्यक्त करेंगे समस्त छात्र- छात्रा अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

प्राचार्य

कार्यक्रम संयोजक Sunaina

प्राचार्य
फूल सिंह बिष्ट
राजकीय महाविद्यालय
लम्बगांव, टिहरी

अर्चना

आरती गीता सावन रेखा आशा ज्योति Anchal

Karina Anjali सुषमा रोशनी

फूल सिंह बिष्ट राजकीय महाविद्यालय लम्बगांव में हुई संगोष्ठी का छात्र- छात्राओं पर बेहद सकारात्मक प्रभाव पड़ा। स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को लेकर उन्होंने डॉ० जितेन्द्र शाह एवं संगोष्ठी संयोजक डॉ० सुनैना रावत से अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया।

## आवश्यक सूचना - 02

दि० - 05-03-2018

महाविद्यालय के समस्त छात्र- छात्राओं को आज दिनांक 5-3-2018 को सूचित किया जाता है कि 8-3-2018 को महिला प्रकोष्ठ के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाना है। जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य एवं कार्यक्रम का संयोजन डॉ० सुनैना रावत

करेंगी। समस्त छात्र-छात्रा 8-3-2018 को अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।

Sunaina
कार्यक्रम संयोजक

प्राचार्य

प्राचार्य
फूल सिंह बिष्ट
आशा ... महाविद्यालय

आरती रुचि गीता सावन Jaswinder
कविता रेखा ज्योति
Anjali सुषमा Anchal शेरानी
अर्चना

कार्यक्रम की आख्या

आज दिनांक 8-3-2018 को महिला प्रकोष्ठ द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन किया। इस विचार गोष्ठी की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डा० पंकज पन्त ने की एवं कार्यक्रम का संयोजन महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डा० सुनैना रावत द्वारा किया, उन्होंने महिला सुरक्षा सम्बन्धी मुद्दे पर अपने विचार व्यक्त किये। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप डा० विपिन कुमार शर्मा द्वारा महिलाओं की आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक स्थिति पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राध्यापक गण डा० मोनिका असवाल, डा० राकेश सिंह बिष्ट, श्री रविन्द्र लाल, श्री एस. के लाल आदि उपस्थित रहे

टिप्पणी- 1) आरती B.A Ist वर्ष की छात्रा ने महिला सशक्तिकरण तथा महिला सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्राप्त की।

2) गीता काण्डिमाल B.A. Ist की छात्रा ने इस संगोष्टी से महिलाओं की सुरक्षा सम्बन्धी सभी जानकारियाँ महत्वपूर्ण मानते हुए प्राप्त की।

3) आशा B.A I year की छात्रा को महिला दिवस के महत्व तथा महिला सुरक्षा की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई।

4) सुषमा B.Sc I year की छात्रा। इस संगोष्टी से हमे महिला सुरक्षा और महिलाओं के सभी अधिकारों के बारे मे जानकारी प्राप्त हुई जिससे हम जागरूक हुए।

Pradeep
DATE :
PAGE :

4 8 2018

## आवश्यक सूचना

महाविद्यालय के समस्त छात्र - छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनाँक 7.8.2018 को फूल सिंह बिष्ट रा. महाविद्यालय लम्बगाँव में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन प्रस्तावित है जिसका विषय "~~इच्छ~~ आधुनिक समय में महिला उपस्थिति" है अन्य विषय • लैंगिक समानता, कन्या भ्रूण हत्या' हैं। इच्छुक छात्र - छात्रा 5.8.2018 तक अपने नाम कार्यक्रम संयोजक को अवश्य अंकित करा दें।

कार्यक्रम संयोजक Sunaina

प्राचार्य
प्राचार्य
फूल सिंह बिष्ट
राजकीय महाविद्यालय
लम्बगाँव, टिहरी गढ़वाल

Rabita Bisht
Sheetal
Madhu Deepika Urmila

## कार्यक्रम विस्तृत रिपोर्ट

दिनाँक 7.8.2018 को फूल सिंह बिष्ट राजकीय महाविद्यालय लम्बगाँव की — महिला प्रकोष्ठ द्वारा छात्र - छात्राओं के मध्य भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र - छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभागिता की। इस गोष्ठी में पूनम बी०ए II, तथा बी०ए II सोनम ने कन्या भ्रूण हत्या पर अपने विचार रखे।

इस विचार गोष्ठी में डॉ. विपिन कुमार शर्मा, डॉ सुनैना रावत, अनुपम रावत, श्री जितेन्द्र शाह उपस्थित रहे।

कार्यक्रम संयोजक Sunaina

प्राचार्य
प्राचार्य
फूल सिंह बिष्ट
राजकीय महाविद्यालय
लम्बगाँव, टिहरी गढ़वाल

विभिन्न छात्र - छात्राओं की टिप्पणी-

1) कुमारी जगदम्बा B.A द्वितीय वर्ष की छात्रा ने भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया तथा कन्या भ्रूण हत्या से संबंधित जानकारी प्राप्त की।

2) कु. किरन - B.A की छात्रा ने प्रेरित होकर बताया कि यह भाषण प्रतियोगिता हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हुई।

3) कु० शिवानी BSc की छात्रा, इस कार्यक्रम से जागरूक होकर बताया कि समाज में ~~कन्या~~ कन्या भ्रूण हत्या एक अभिशाप है। जिससे देश को बहुत हानि होती है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस:

## ~~आवश्य~~ महत्वपूर्ण सूचना

दिनॉक-06-03-2

फूल सिंह बिष्ट राजकीय महाविद्यालय लम्बगॉव के समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के संदर्भ में दिनॉक 8.3.2019 को विचार-गोष्ठी का आयोजन किया जाना है जिसमें मुख्य वक्ता डॉ० मोनिका होंगी। वक्तव्य की थीम - " ~~बघेरेलू~~ घरेलू कामकाज और महिलाएं "। समस्त छात्र/छात्राओं से आग्रह है, वह वक्तव्य सुनकर लाभ प्राप्त करें।

कार्यक्रम संयोजक

प्राचार्य

दिनॉक 9.3.2019

कार्यक्रम आख्या : फूल सिंह बिष्ट रा० महा० लम्बगॉव (महिला प्रकोष्ठ)

फूल सिंह बिष्ट रा० महा० लम्बगॉव में महिला प्रकोष्ठ द्वारा ~~किया~~ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विचार-गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संयोजन महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ० सुनैना रावत द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० हितेश कुमार जोशी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप मे डॉ० मोनिका के द्वारा घरेलू स्तर पर महिलाओं के जीवन की समस्याओं को विश्लेषित किया गया। कार्यक्रम मे भरत सिंह राणा, डॉ० भरत सिंह पुकार, श्री रवीन्द्र लाल शाह आदि

उपस्थित रहे।

: विचार गोष्ठी से लाभान्वित छात्राओं के विचार / प्रभाव

(1) रोशनी ⇒ इस विचार से जुड़ कर मुझे अच्छा लगा। डॉ. मोनिका द्वारा घरेलू महिलाओं के संघर्ष को अच्छे से अभिव्यक्त किया गया है।

(2) जगदम्बा → विचार गोष्ठी ने मुझे घरेलू महिलाओं के संघर्षों विशेषरूप अपनी माँ और बड़ी बहन के संघर्ष से परिचित कराया इस विचार गोष्ठी से मैं लाभान्वित हुई हूँ।

आवश्यक सूचना : आंतरिक संवाद

समस्त छात्र - छात्राओं को सूचित किया जाता है 'जंगल, प्रकृति और महिला जीवन' विषयक आंतरिक संवाद का आयोजन अप्रैल माह होना है महाविद्यालय सभागार में दिनाँक समय में अनिवार्य रूप से उपस्थित हो

1 [signature]
2 [signature]
3 [signature]
4
5

DATE :
PAGE :

टिप्पणी -

1) पल्लवी ने कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम से संबंधित सभी जानकारी प्राप्त की।

(2) सरिता → B.A. की (तृतीय) की छात्रा ने इस कार्यक्रम के बारे में बताया कि महिलाओं की समानता हमारे देश को मजबूत करने के लिए अति आवश्यक है।

(3) कुमारी सोनम बिए B.A.I की छात्रा ने इस कार्यक्रम से जागरूक होकर बताया की यह कार्यक्रम महिला सशक्तीकरण की उपयोगिता को दरसाता है।

(4) सीमा → BA की छात्र ने कहा की इस तरह के सभा संगोष्ठि से सम्बन्धित कार्यक्रम हमारे लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होते हैं।

(5) सन्तोषी बीए की छात्र ने इस कार्यक्रम से बहोत जानकारी प्राप्त की और बताया कि इस तरह के सभी कार्यक्रम हमारे लिए अति आवश्यक और उपभोगी होते हैं।

## आवश्यक सूचना

महिला प्रकोष्ठ

महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारियों एवं
छात्र / छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दि० 17-10-2019
को महिला प्रकोष्ठ के अन्तर्गत "लैंगिक असमानता तथा
यौन उत्पीड़न विषय पर एक संगोष्ठी कार्यक्रम का
आयोजन किया जाना है, जिसमें आप सभी की उपस्थिति
अनिवार्य है।

कार्यक्रम संयोजक

प्राचार्य

प्राध्यापक

1.
2.
3.
4

## कार्यक्रम आख्या एवं प्रगति रिपोर्ट

फु०सि०बि० राज० महाविद्यालय लम्बगांव में दिनांक 17/10/2019 को महिला प्रकोष्ठ के अन्तर्गत महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डा० सुनैना रावत तथा सदस्य विपिन कुमार शर्मा द्वारा लैंगिक असमानता तथा यौन उत्पीडन विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य महोदय प्रो० हितेश जोशी द्वारा तथा कार्यक्रम संचालन डॉ० सुनैना रावत द्वारा किया गया। इस संगोष्ठी में मोनिका असवाल द्वारा सभी छात्र/छात्राओं को लैंगिक असमानता से सम्बन्धित विचार प्रस्तुत किए गये। इस कार्यक्रम में वनस्पतिविज्ञान विभाग की प्राध्यापिका डॉ० प्रियंका डिमरी ने छात्र छात्र/छात्राओ को समाज में बढ़ते यौन उत्पीडन से सम्बन्धित

जानकारी से अवगत कराया गया,
यह कार्यक्रम मुख्य रूप से छात्र/छात्राओं के लिए लैंगिक असमानता तथा यौन उत्पीड़न से सम्बन्धित जागरूकता प्रदान करने में सफल सिद्ध हुआ।
इस कार्यक्रम में महा० के डा० भरत सिंह चुफाल, रविन्द्र शाह डा०एस०के०पाण्डेय, जितेन्द्र शाह, अनुपम रावत तथा कैलाश उनियाल आदि प्राध्यापक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम संयोजक

प्राचार्य

प्राध्यापक वर्ग 1- [signature]

* छात्र / छात्राओं की फीडबैक
1. इस कार्यक्रम से जुड़कर हमें अच्छा लगा। पूजा

2. यह कार्यक्रम हमें अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया

आवश्यक सूचना 5.3.2020

महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनाँक 7.3.2020 को महिला दिवस के उपलक्ष्य मे महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत एक गोष्ठी का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है, समस्त छात्र/छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य है,

1

2

3

4

5

महिला प्रकोष्ठ: कार्यक्रम प्रभावक्षेत्र / आख्या 8.3.2020

कार्यक्रम का छात्र / छात्राओं पर बेहद सकारात्मक प्रभाव पड़ा। पर्वतीय दूरस्थ दुर्गम क्षेत्रों में महिला जीवन की जटिलता संघर्ष को डॉ. सुनैना रावत नें अपने व्याख्यान में बेहद व्यापक रूप से अभिव्यक्त किया। अन्य वक्ता डॉ. विपिन कुमार शर्मा नें ग्लोबलाईजेशन के दौर में 'महिला उपस्थिति: जीवन के विभिन्न क्षेत्र' में अपनें विचार व्यक्त किए। कॉरपोरेट क्षेत्र में बढ़ती बढ़ते रोजगार के अवसर और विकल्पों की निर्मिति को विश्लेषित किया। डॉ. एस. के पांडेय नें आर्ष महाकाव्य में महिला अंकन को विश्लेषित किया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी (महिला) नें साइबर सिक्योरिटी पर अपनी बात रखी।

डॉ० दयावन्ती समाजशास्त्र विभाग:- इस कार्यक्रम विचार गोष्ठी का हिस्सा बन कर मुझे बेहद अच्छा लगा। समाजशास्त्र की विद्यार्थी के रूप में और निज अनुभव से जो महिला जीवन के संघर्ष को जाना, इस विचार गोष्ठी को सुनकर मैं वैचारिक रूप से सम्पन्न हुई।

(पूर्वसंध्या) छात्र / छात्राओं के कार्यक्रम के बारे में विचार

(1) महिला दिवस पर हुए कार्यक्रम से मैं लाभवान लित हुई। इस कार्यक्रम में मेरे अंदर के आत्म विश्वास को जागरित किया।

(2) इस विचार गोष्ठी से मुझे लगा की प्रावेट प्रावेट क्षेत्र मे भी महिलाओं के लिए काफी अवसर र है।

# आवश्यक सूचना

20-10-2020

महाविद्यालय के समस्त छात्र - छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 22-10-2020 को महिला प्रकोष्ठ के अन्तर्गत "लैंगिक असमानता व लैंगिक भेदभाव" विषय पर एक आनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया जाना है। समस्त छात्र - छात्रा अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित करें।

संयोजक

प्राचार्य

## आख्या

दिनांक 22/10/2020 को फूल सिंह बिष्ट राजकीय महाविद्यालय, लम्बगांव में महिला प्रकोष्ठ द्वारा 'लैंगिक असमानता एवं लैंगिक भेदभाव' विषय पर एक आनलाइन गोष्ठि आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय के छात्र - छात्राओं ने व्यापक रूप से प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो० हितेश कुमार जोशी द्वारा की गई। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन डॉ० अनिता विहान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लैंगिक असमानता पर एवं महिलाओं के साथ में होने वाले भेदभाव को लेकर डॉ० सुनैना रावत द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो० हितेश कु० जोशी ने कहा कि महिलाओं के जीवन में परिवर्तन आर्थिक रूप से उनके सबल व सशक्त होने पर ही आ सकता है। आर्थिक

सशक्तिकरण ही महिला सशक्तिकरण की कुंजि है।
कार्यक्रम में डॉ० विपिन शर्मा, डॉ एस० के० पाण्डेय, डॉ भरत सिंह चुफाल, डॉ० अब्दुल वहाब, श्रीमती अनुजा रावत, कु० प्रियंका डिमरी, डॉ० विजय राणा, श्री मयंक सिंह, श्री डी० पी० ओलिया आदि उपस्थित रहे।

फीडबैक :-

(1) इस गोष्ठी से हमें महिलाओं के आर्थिक अधिकारों के बारे में जानकारी मिली। मुझे लगता है नौकरी जितनी पुरुषों के लिए जरूरी है उतनी महिलाओं के लिए भी जरूरी है।

(2) एक छात्रा के रूप में मुझे लगता है कि मेरा जीवन एक छात्र से कुछ अलग है, एक लड़की होने एक नाते मेरी पारिवारिक परिस्थितियाँ भी अलग है इस विचार गोष्ठी में मुझे सोचने के लिए विवश किया कि मैं भी अपनी मानजिल बहुत शक्ति हूँ।

## सूचना

05/12/2020.

महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 08/12/2020 को महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है जिसका विषय 'कन्या भ्रूण हत्या' रहेगा। छात्र-छात्राओं से अनुरोध है कि प्रतियोगिता में व्यापक रूप से अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित करें।

संयोजक :

प्राचार्य :

DATE :
PAGE :

## कार्यक्रम आख्या

फूल सिंह बिष्ट राजकीय महाविद्यालय, लम्बगांव में दिनांक 08-12-2020 को महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय 'कन्या भ्रूण हत्या' रखा गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न छात्र-छात्राओं ने अपने रचनात्मक अवदान से कन्या भ्रूण हत्या जैसी जटिल सामाजिक कुरीति को पोस्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो० हितेश कुमार जोशी ने की। प्रतियोगिता में मनीषा, नीती, पूनम, अंजना, आँचल, नीमा बरवाण, शिवानी कलूड़ा आदि छात्र-छात्रा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में विभिन्न स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों का विवरण निम्नवत् है :

प्रथम स्थान : साक्षी रावत (B.A. II)
द्वितीय स्थान : सुमन पँवार (B.A. I)
तृतीय स्थान : निशा रावत (M.A. II)

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य महोदय द्वारा विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक गण डॉ० एस०के० पाण्डेय, डॉ० विपिन शर्मा, डॉ० भरत सिंह चुफाल, डॉ० विजय राणा, श्री डी०पी० ओलिया, प्रियंका डिमरी, अनुजा रावत आदि उपस्थित रहे।

संयोजक : [signature]

प्राचार्य :

फूल सिंह बिष्ट राजकीय महाविद्यालय लम्बगाँव
टिहरी गढ़वाल (उत्तराखण्ड) - 249165
Website : www.gdclambgaon2001.in
E-mail: gdclambgaon2001@gmail.com
Ph.: 01379-219645

## आवश्यक सूचना

दिनॉक–05–03–2021

महाविद्यालय के समस्त छात्र / छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनॉक 08–03–2021 को फूल सिहं बिष्ट राजकीय महाविद्यालय लम्बगॉव में **महिला सुरक्षा सबधीं मुददो** पर वार्ता करने के लिए पुलिस प्रशासन के सहयोग से परामर्श सत्र का आयोजन किया जा रहा है जिसमे महिला वरिष्ठ पुलिस अधिकारी प्रतिभाग करेंगी सभी छात्र /छात्राऐं अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करे ।

कार्यक्रम संयोजक

प्राचार्य
फूल सिंह बिष्ट
राजकीय महाविद्यालय
लम्बगांव टिहरी गढ़वाल

कार्यक्रम आख्या : फूल सिंह बिष्ट राजकीय महाविद्यालय लम्बगॉव की महिला प्रकोष्ठ समिति द्वारा आज दिनांक 8.3.2023 महिला सुरक्षा एवं साइबर सिक्योरिटी विषय पर परामर्श सत्र का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य प्रो. हितेश जोशी द्वारा किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी द्वारा छात्र-छात्राओं को तकनीक संपन्न युग की त्रासदी को साझा किया। कार्यक्रम में शिवानी कलूड़ा, पल्लवी, संतोषी, सरिता आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे डॉ. एस. के पांडे, डॉ. भरत सिंह चुफाल, डॉ. बिपिन कुमार शर्मा, डॉ. मनवीर कंडारी, डॉ. भरत सिंह राणा आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम संयोजक

प्राचार्य

DATE:
PAGE:

छात्र / छात्रा फीडबैक :

(1) इस कार्य क्रम से मुझे महिलाओ से जुडी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त हुई।

(2) इस संगोष्ठी से मुझे महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई और महिलाओं के सभी अधिकारों के बारे मे ज्ञान प्राप्त हुआ।

(3) मुझे आज के कार्यकर्म से महिलाओं की सुरक्षा संबन्धि सभी जानकारी प्राप्त हुई।

आवश्यक सूचना दिनाक : 23-11-2021

महाविद्यालय के समस्त छात्र / छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनाक 26/11/2021 को महाविद्यालय की Women Cell द्वारा महिला सुरक्षा (आत्मरक्षा) पर शंगोष्ठी का आयोजन होना है इस हेतु समस्त छात्र छात्राओं को सूचित किया जाता है कि वह इस कार्यक्रम मे अपनी उपस्थिती अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।

Sunaina

## कार्यक्रम आख्या

दिनांक 26.11.2021 को फूल सिंह बिष्ट राजकीय महा० वि० लम्बगांव में विद्यालय की महिला मुद्दों/विशेषतया जेंडर ~~संवेदीकरण~~ समानता आदि को संचालित करने वाली इकाई 'महिला प्रकोष्ठ (सेल) द्वारा 'महिला आत्मरक्षा : विभिन्न आयाम' विषय पर परिसंवाद / वर्कशॉप आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ. सुनैना रावत प्रभारी प्राचार्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती अनुजा रावत ने 'महिला सुरक्षा'/आत्म रक्षा को वर्तमान समय की आवश्यकता माना।

मुख्य वक्ता के रूप डॉ. अमिता बिहान ने महिला सुरक्षा के लिए आधुनिक टूल्स की जरूरत को रेखांकित किया।

प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुनैना रावत ने कहा। आज के समय में हर समय में महिलाओं के जीवन के लिए खतरा बना हुआ है ऐसे में बच्चियों और महिलाओं को स्वरक्षा की 'ट्रेनिंग' देने की अत्यंत आवश्यकता है। कार्यक्रम में प्राची अवस्थी, अंजना, आँचल, नीमा बरवान, शिवानी कलूडा आदि उपस्थित रहीं।

## कार्यक्रम की फीडबैक / प्रतिपुष्टी

इस कार्यक्रम से हमे यह सीख मिली है कि कैसे हमे अपनी सुरक्षा करनी चाहिए आज के समय मे महिलाये काफी असुरक्षित

DATE:
PAGE:

महसूस कर रही थी जगह जगह पर कयी तरह की वैसे
तो महिलाओ के जीवन मे अनेक खतरा है पर ऐसा नही
कि समस्य का समाधान नही है महिलाओ को अपने सुरक्षा
खुद करती है अभि भी कई ऐसी जगह है जहा महिलाओ
को घर से बाहर नही जाने देते इस डर से कि कही
कही उनके साथ कुछ गलत न हो।

महिला

~~आवश्य~~

आवश्यक सूचना — दिनांक: 11-12-2021

महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारी वर्ग एवं छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय में दिनांक 13.12.2021 को 'महिला प्रकोष्ठ' के तहत 'महिला पोषण एवं स्वास्थ्य' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन सुनिश्चित हुआ है जिसमें सभी प्राध्यापकों एवं छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य है।

(1) [signature]
(2) [signature]
(3) [signature]
(4)
(5)

Sunaina

कार्यक्रम आख्या

दिनांक 13.12.2021 को फ्रू० सिं० बि० रा० महा० लम्बगाँव में महिला प्रकोष्ठ के तहत 'महिला पोषण एवं स्वास्थ्य' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉ० सुनैना रावत द्वारा किया गया। कार्यक्रम की संचालिका श्रीमती अनुजा रावत ने बताया कि महिलाएँ परिवार की नींव है और उन्हें अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना चाहिए। गृह विज्ञान की प्राध्यापिका श्रीमती ~~म्रह~~ मयनी चौधरी ने छात्राओं को 'महिला पोषण' विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इसी क्रम में श्रीमती प्रियंका डिमरी ने 'महिलाओं की स्वच्छता और स्वच्छता का जीवन में क्या महत्व है' विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

प्रभारी प्राचार्य डॉ० सुनैना रावत ने कहा कि महिलाओं को सर्वप्रथम अपने स्वास्थ्य के लिए जागरुक होने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में ~~अ~~ मोनिका, प्रियंका, साक्षी, निकिता, रेशमा, संध्या उपस्थित रहे।

फीडबैक - 1- आज के इस कार्यक्रम से हमे महिला के सभी पोषण तथा स्वास्थ्य के बारे में ज्ञान प्राप्त हुआ जिससे हमें एक मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

2. आज के इस कार्यक्रम से महिलाओ के जीवन मे पोषण एव स्वच्छता का क्या महत्व हैं यह हमे पता चला।

[signature]

DATE :
PAGE :

## आवश्यक सूचना

दिनाँक: 05-03-2022

महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापको, कर्मचारी वर्ग एवं छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनाँक 08/03/2022 को महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक संगोष्ठी का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है जिसमें प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य है।

संयोजक

## कार्यक्रम आख्या

दिनाँक 08/03/2022 को फूल सिंह बिष्ट राजकीय महाविद्यालय लम्बगाँव में महिला प्रकोष्ठ के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ० शुभम उनियाल ने "समाज में महिलाओं की वर्तमान स्थिति विषयपर अपने विचार प्रस्तुत किए इस मौके पर डॉ० अमृता सिंह ने छात्र-छात्राओं को महिला अधिकारों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी प्राचार्य डॉ० सुनैना रावत ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं का शिक्षित होना बहुत जरूरी है तभी महिलाएं जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकती है।

फीडबैक -> 1. आज के कार्यक्रम मे सुनैना मैम ने महिला दिवस की महत्वपूर्ण जानकारियाँ बताई।

2- इस गोष्ठी से हमें आज अन्तराष्ट्रिय महिला दिवस क्यो मनाया जाता है यह

Pradeep
DATE:
PAGE:

सभी महत्वपूर्ण जानकारी हमे हमारे प्रध्यापक गणो से प्राप्त हुई।